# सौरभ देव ने दी हार्दिक शुभकामनाएं







**नेपानगर ( निमाड़ की धड़कन रविंद्र इंगले )** भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार सीएमडी कमोडोर सौरभ देव के मार्गदर्शन में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में 15 नवंबर से 26 नवंबर 2023 तक जनजातीय गौरव दिवस के अंर्तगत विभिन्न आयोजन जारी हैं। गुरुवार को नेपा लिमिटेड के कारखाना परिसर में जनजातीय इतिहास और संस्कृति को नेपानगर जागृति कला केंद्र के संस्थापक और निर्देशक मुकेश दरबार और उनकी टीम द्वारा भगोरिया लोकनृत्य और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पुनर्जीवित किया गया। इस कार्यक्रम में जनजातीय गौरवशाली इतिहास और ऐतिहासिक महानायको को याद किया गया साथ ही स्वच्छता के प्रति सभी को संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमडी कमोडोर सौरभ देव द्वारा सभी को जनजातीय गौरव दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कर भारत के गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर सकारात्मकता के साथ सामूहिक प्रयासों से सतत आगे बढ़ने की बात की गई। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने मुकेश दरबार और उनकी टीम का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस आयोजन में महान क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा का अभिनय कर उनके व्यक्तित्व को नेपानगर की धरती पर पुनर्जीवित करनेवाले लोक कलाकार जीवन जमुनकर का सीएमडी कमोडोर सौरभ देव, मुख्य महाप्रबंधक तकनीकि राम अलागेसन, महाप्रबंधक अजय गोयल, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमन कानफाड़े, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, कंपनी सचिव पूर्णिमा पाराशर तथा उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा पुष्पगुच्छ और आरती के साथ अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, मुख्य वित्त अधिकारी सीएन वर्मा, प्रबंधक श्रम कल्याण एवं संबंध किशोर महाजन, वरिष्ठ अधिकारी किशन पटेल, नेपानगर जागृति कला केंद्र से प्रकाश केदारे, सैयद निसार, दिलीप शिंदे, सुनील शिंदे, शेख वसीम, रवि गहलोत, विजय मोरे, सुनील अलावे, अशोक अलावे, जीवन जमुनकर सहित बड़ी संख्या में अफसर कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन यूएस द्विवेदी ने किया और आभार संदीप ठाकरे ने व्यक्त किया।

# नेपा लिमिटेड में जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत, जनजातीय गौरवशाली इतिहास और ऐतिहासिक महानायको को याद किया



**नेपानगर ■ ध्रुव वाणी।**

भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार सीएमडी कमोडोर सौरभ देब के मार्गदर्शन में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में 15 नवंबर से 26 नवंबर 2023 तक जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत विभिन्न आयोजन जारी हैं। गुरुवार को नेपा लिमिटेड के कारखाना परिसर में जनजातीय इतिहास और संस्कृति को नेपानगर जागृति कला केंद्र के संस्थापक और निर्देशक मुकेश दरबार और उनकी टीम द्वारा भगोरिया लोकनृत्य और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पुनर्जीवित किया गया। इस कार्यक्रम में जनजातीय गौरवशाली इतिहास और ऐतिहासिक महानायको को याद किया गया साथ ही स्वच्छता के प्रति सभी को संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमडी कमोडोर सौरभ देब द्वारा सभी को जनजातीय गौरव दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कर भारत के गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर सकारात्मकता के साथ सामूहिक प्रयासों से सतत आगे बढ़ने की बात की गई। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने मुकेश दरबार और उनकी टीम का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस आयोजन में महान क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा का अभिनय कर उनके व्यक्तित्व को नेपानगर की धरती पर पुनर्जीवित करनेवाले लोक कलाकार जीवन जमुनकर का सीएमडी कमोडोर सौरभ देब, मुख्य महाप्रबंधक तकनीकि राम अलागेसन, महाप्रबंधक अजय गोयल, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमन कानफाड़े, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, कंपनी सचिव पूर्णिमा पाराशर तथा उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा पुष्पगुच्छ और आरती के साथ अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, मुख्य वित्त अधिकारी सीएन वर्मा, प्रबंधक श्रम कल्याण एवं संबंध किशोर महाजन, वरिष्ठ अधिकारी किशन पटेल, नेपानगर जागृति कला केंद्र से प्रकाश केदारे, सैयद निसार, दिलीप शिंदे, सुनील शिंदे, शेख वसीम, रवि गहलोत, विजय मोरे, सुनील अलावे, अशोक अलावे, जीवन जमुनकर सहित बड़ी संख्या में अफसर कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन यूएस द्विवेदी ने किया और आभार संदीप ठाकरे ने व्यक्त किया।

**दैनिक भास्कर**

## बुरहानपुर 24-11-2023

# नेपा मिल में हुआ भगोरिया लोक नृत्य व नुक्कड़ नाटक

## जनजातीय गौरव दिवसः कलाकारों का मिल प्रबंधन ने किया सम्मान

**भास्कर संवाददाता | नेपानगर**

भारत सरकार के निर्देश पर सीएमडी कमोडोर सौरभ देब के मार्गदर्शन में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में 15 से 26 नवंबर तक जनजातीय गौरव दिवस के तहत विभिन्न आयोजन जारी है।

गुरुवार को नेपा लिमिटेड के कारखाना परिसर में जनजातीय इतिहास और संस्कृति को नेपानगर जागृति कला केंद्र के संस्थापक और निर्देशक मुकेश दरबार और उनकी टीम द्वारा भगोरिया लोकनृत्य और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पुनर्जीवित किया गया। इस कार्यक्रम में जनजातीय गौरवशाली इतिहास और ऐतिहासिक महानायकों को याद किया गया। साथ ही स्वच्छता के प्रति सभी को संकल्प भी दिलाया गया। मुख्य अतिथि सीएमडी कमोडोर सौरभ देब ने भारत के गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर सकारात्मकता के साथ सामूहिक प्रयासों से सतत आगे बढ़ने की बात की। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने मुकेश दरबार और उनकी टीम के प्रति कृतज्ञता जाहिर की। उन्होंने बताया इस आयोजन में महान क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा का अभिनय कर उनके व्यक्तित्व को नेपानगर की धरती पर पुनर्जीवित करने वाले लोक कलाकार जीवन जमुनकर का सीएमडी कमोडोर सौरभ देब, मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी राम अलागेसन, महाप्रबंधक अजय गोयल, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमन कानफाड़े, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, कंपनी सचिव पूर्णिमा पाराशर व अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा पुष्पगुच्छ और आरती के साथ अभिनंदन किया गया। इस दौरान प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, मुख्य वित्त अधिकारी सीएन वर्मा, प्रबंधक श्रम कल्याण व संबंध किशोर महाजन, वरिष्ठ अधिकारी किशन पटेल, नेपानगर जागृति कला केंद्र से प्रकाश केदारे, सैयद निसार, दिलीप शिंदे, सुनील शिंदे, शेख वसीम, रवि गहलोत, विजय मोरे, सुनील अलावे, अशोक अलावे, जीवन जमुनकर, यूएस द्विवेदी सहित स्टाफ मौजूद था।



मिल में प्रस्तुति देते हुए कलाकार।

### नेपा लिमिटेड मना रहा जनजातीय गौरव दिवस, जागृति कला केंद्र ने दी प्रस्तुति, स्वच्छता का संकल्प भी दिलाया

# नुक्कड़ नाटक से बताया समाज का इतिहास

नईदुनिया संजय चौहान 9406689018

नेपानगर ( नईदुनिया न्यूज )। भारत सरकार के उपक्रम नेपा लिमिटेड में 15 नवंबर से 26 नवंबर तक जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं।

गुरुवार को नेपा लिमिटेड के कारखाना परिसर में नेपानगर जागृति कला केंद्र के कलाकारों ने भगोरिया लोक नृत्य और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजातीय समाज के इतिहास और संस्कृति को बताया। इस कार्यक्रम में जनजातीय समाज के महानायकों को याद किया गया। साथ ही स्वच्छता के प्रति सभी को संकल्प भी दिलाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमडी सौरभ देब ने कहा कि भारत के गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर सकारात्मकता के साथ सामूहिक प्रयासों से सतत आगे बढ़ने की जरूरत है। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने मुकेश दरबार और उनकी टीम का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस आयोजन में महान क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा का



जनजातीय समाज के महानायकों का इतिहास बताते जागृति कला केंद्र के कलाकार व उपस्थित नेपा मिल के अफसर। • नईदुनिया

अभिनय कर उनके व्यक्तित्व को नेपानगर की धरती पर पुनर्जीवित करने वाले लोक कलाकार जीवन जामुनकर का सीएमडी सौरभ देब, मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी राम अलागेसन, महाप्रबंधक अजय गोयल, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमन कानफाड़े, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, कंपनी सचिव पूर्णिमा पाराशर द्वारा पुष्पगुच्छ और आरती के साथ अभिनंदन किया गया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजातीय समाज का इतिहास और संस्कृति देखकर उपस्थितजन भी मंत्रमुग्ध हो गए। कलाकारों ने अपनी कला से सभी का दिल जीत लिया।

इस अवसर पर प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, मुख्य वित्त अधिकारी सीएन वर्मा, प्रबंधक श्रम कल्याण एवं संबंध किशोर महाजन, वरिष्ठ अधिकारी किशन पटेल, नेपानगर जागृति कला केंद्र से प्रकाश केदारे, सैयद निसार सहित बड़ी संख्या में अफसरकर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन यूएस द्विवेदी ने किया। आभार प्रदर्शन संदीप ठाकरे ने किया।